तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 22 नवंबर 2024

12 कोंडागांव में प्लेसमेंट कर्मचारियों का धरना,...



12 अच्छे किस्म के धान की खरीदी करें और कोचियों...





## खबर संक्षेप

### वार्डों में नहीं मिला पेयजल लोग दिनभर रहे परेशान



**जगदलपुर ।** नगर निगम में कार्यरत 450 प्लेसमेंट कर्मचारी नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बेनर से तीसरे दिन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहे। इससे कुछ वार्डों में दिनभर में एक बार पेयजल मिला। कुछ वार्डों में पेयजल नहीं मिलने से नागरिक दिनभर परेशान रहे। हड़तालियों ने कहा कि नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग जैसे जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, पीएचई व वन विभाग आदि के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किए जाने की मांग की, पर शासन-प्रशासन द्वारा मांगों पर गंभीरता से कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

### कौशल प्रशिक्षण के लिए 25 तक लिए जाएंगे आवेदन

**कोण्डागांव।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी कोण्डागांव अंतर्गत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से संचालित मेशन जनरल राजमिस्त्री, शटरिंग कारपेंटर, टू–व्हीलर, फोर–व्हीलर, इलेक्ट्रीशियन एवं रिटेल कोसेंर् में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 14 वर्ष से 45 वर्ष तक के हितग्राहियों से 25 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह निदेशक ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक आवेदक कार्यालय जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी, खुटडोबरा रोड़ डोंगरी पारा में पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिसों को 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम पल्ली निवासी बलीराम नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होेने पर पत्नी रमिला नेताम को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम सातगांव निवासी सालिकराम की गाज गिरने से मृत्यु होने पर पत्नी सुकबती को आर्थिक राशि जारी की गई। कोण्डागांव तहसील के ग्राम बनजुगानी निवासी धनसिंग की गाज गिरने से मृत्यु होने पर पत्नी सुकलदई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### उसकापटनम में हर-घर जल उत्सव

**बीजापुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 65-70 किलोमीटर दूरी पर ग्राम उसकापटनम स्थित है। ग्राम में 42 परिवार निवासरत है यहाँ के लोगों को 12 हैण्डपंपों के माध्यम से पेयजल की पूर्ति होती रही है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत सोलर आधारित सिंगल विलेज योजना के माध्यम से 3 सोलर स्थापित कर 3328 मीटर पाईप लाईन के माध्यम से ग्राम में निवासरत 121 लोगों को नल कनेक्शन से हर घर में शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। उसकापटनम में ग्रामसभा के माध्यम से सरपंच रैनू वाचम, सचिव बाबूराव फुलसे एवं ग्रामवासियों के सहमति से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं जिला समन्वयक टोपेश्वर साहू द्वारा हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया।

# नाबालिगों से कराया जा रहा भांसी रेलवे ट्रैक का मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

भांसी थाना अंतर्गत रेल्वे लाइन दोहरीकरण रेल्वे ट्रैक का मरम्मत कार्य कई स्थानों पर चल रहा है। कुछ स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि रेल्वे दोहरीकरण और रेल्वे ट्रैक मरम्मत में अन्य राज्यों से मजदूरों से काम कराया जा रहा है जिसमें कुछ नाबालिग भी हैं।

पत्रकारों ने कार्यस्थल पर जाकर देखा तो पाया कि 7 नाबालिग बच्चों को रेलवे पटरी बदलने जैसे जोखिम भरे कार्यों को कराया जा रहा है। उस दौरान रेल्वे विभाग के सब-इंजीनियर आदित्य नारायण सिंह भी कार्यस्थल पर उपस्थित थे। पत्रकारों ने उनसे पूछा कि कार्य किस ठेकेदार का चल रहा है

## नाबालिग होने के कारण पीएफ में नाम नहीं जोड़ा

### बाल मजदूरों से खतरे का काम

बाल मजदूरों की मानें तो जोखिम भरा काम बिना किसी सुरक्षा उपकरण के कराया जा रहा है ना ही हाथ मे दस्तान है ना पैर के लिऐ जूते ना ही हेलमेट ठेकेदार के द्वारा किसी भी सुरक्षा मानको का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### श्रम विभाग की कार्यप्रणाली सुस्त

जिला मुख्यालय में श्रम विभाग की कार्य प्रणाली बेहद सुस्त है। विभागीय अधिकारी जिला में बाल श्रमिकों की मौजुदगी से हैं अनजान हैं। जबकि जिला मुख्यालय में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से रेल लाइन भांसी व दंतेवाड़ा स्टेशन के मध्य रेल्वे लाइन पर पटरी बदलने एवं मरम्मत कार्य में कई स्थानो पर कार्य कराया जा रहा है। जब कुछ स्थानीय पत्रकारों द्वारा कार्यस्थल जहां नाबालिग बच्चों से कार्य कराया जा रहा था। वहीं केंद्र श्रम विभाग द्वारा तय दर अकुशल मजदूरो को 526 रु प्रदाय करने की जगह ठेकेदार द्वारा मात्र 350 या 400 रुपए ही प्रदाय की जा रही है।

### नहीं देते सूचना

थाने में मात्र 26 लोगों की ही मुसाफिरी दर्ज है बाकि मजदूरों की कोई जानकारी ठेकेदार व कंपनी ने थाने में नहीं दी है।

**एसआर मंडावी,** थाना प्रभारी भांसी

और बाल श्रमिकों से यह कार्य क्यों कराया जा रहा है तो उन्होंने ने सिर्फ इतना ही बताया कि कार्य ठेकेदार सन्यासी राव द्वारा कराया जा रहा है। पत्रकारों द्वारा पूछने पर कि बाल श्रमिकों से कार्य क्यों कराया जा रहा है जिसपर उन्होंने कुछ कहने से इंकार कर दिया। मजदूरो से बात करने पर मजदूरों ने बताया ठेकेदार द्वारा ना ही उन्हें पूरी ▸▸|शेष पेज 12 पर

**समस्या:** किसानों ने कहा- धान बेचने करना पड़ता है 30 से 35 किमी का लंबा सफर

# कोर्रा और बुड़दी में नया धान खरीदी केन्द्र खोलने के लिए किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

- सैकड़ों किसानों ने कलेक्टोरेट के सामने सड़क पर बैठकर की नारेबाजी
- उपार्जन केंद्रों में रात गुजारने की भी मजबूरी

नए धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग को लेकर गुरुवार को बुड़दी और कोर्रा के सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन किया। कलेक्टोरेट के सामने सड़क पर बैठकर सरकार के खि ला फ नारेबाजी की और मांगों को तत्काल पूरा करने पर अड़े रहे। किसानों ने आरोप लगाया कि कोर्रा के किसान बीते 10 साल से नए धान खरीदी केन्द्र खोलने की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर कई बार पत्राचार भी कर चुके हैं लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नाराज किसानों ने बताया, धान बेचने के लिए उन्हें 30 से 35 किमी का सफर तय करना पड़ता है। केन्द्रों में भारी भीड़ की वजह से दूसरे दिन धान की खरीदी हो पाती है। जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



गुरुवार को कोर्रा और बुड़दी के सैकड़ों किसान कलेक्टोरेट के सामने जमकर प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में नियम शिथिल करते हुए गांव के किसान जहां धन खरीदी केन्द्र चाहते हैं वहां खोल सकते हैं। प्रशासन और शासन की इच्छाशक्ति की कमी के कारण आज तक किसानों की मांग को अनसुना किया जा रहा है। जबकि कोर्रा और बुड़दी क्षेत्र के किसानों ने पिछली सरकार से भी मांग की थी। स्थल का चयन कर किसानों ने चंदा वसूली कर साफ-सफाई भी कर लिया था। लेकिन तत्कालीन सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया। उनकी मांगों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया। वर्तमान सरकार भी किसानों के साथ छल कर रही है। प्रशासन बुड़दी की जगह किसी दूसरे स्थान के लिए केन्द्र प्रस्तावित कर रही है।

### कोर्रा में 1000 तो बुड़दी में 500 किसान पंजीकृत

कोर्रा धान खरीदी केंद्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चिंगावरम, डोडपाल, मारोकी, कोर्रा आदि पंचायतों के लगभग 50 पारा में 1000 से भी अधिक किसान परिवार आते हैं। सभी किसान गादीरास में धान बेचने आते हैं। यहां दो-तीन दिन या सप्ताहभर रूकना पड़ता है। वहीं बुड़दी धान खरीदी के अंतर्गत कस्तुरी, बंटूपारा, तुर्रेतोंग, आवासपारा, बाड़ापार, देवकुपली, जोरूतोंग, कोननगुड़ा, कोयापारा के लगभग 500 किसान पंजीकृत हैं। उन गांवों के किसानों को छिंदगढ़, कोडरीपाल और सुकमा स्थित उपार्जन केंद्र धान बेचने जाना पड़ता है। किसानों को किराया भाड़ा के रूप में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है।

### जायज मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

जिला पंचायत सदस्य रामा सोढ़ी ने कहा कि किसान अपनी जायजों मांगों को लेकर प्रदर्शन किया है। बुड़दी और कोर्रा के किसान बीते कई सालों से नए धान उपार्जन केंद्र की मांग की थी लेकिन सरकार ने पूरा नहीं कर रही है। किसान अपनी मेहनत से उत्पादन किए धान को बेचने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ती है। ठंड मौसम में रात भी गुजारनी पड़ती है। शासन-प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द किसानों की मांग को पूरा किया करें।

# अत्याचार और भेदभाव से परेशान होकर एक नक्सली ने किया सरेंडर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

शासन की नक्सल उन्मूलन अभियान और सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में नए पुलिस कैंप स्थापित होने से नक्सली संगठन को झटका लग रहा है। बड़ी संख्या में नक्सली लगातार सरेंडर कर रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को मेहता आरपीसी मिलिशिया सदस्य मड़कम सुक्का ने पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। सरेंडर नक्सली सुक्का ने माओवादी संगठन पर अत्याचार और भेदभाव करने का आरोप लगाया है। सीआरपीएफ 217 वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी विरेन्द्र कुमार एवं प्रभारी नक्सल सेल निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण कर दिया। उक्त नक्सली को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 217 वाहिनी सीआरपीएफ सूचना शाखा कार्मिकों की रही विशेष भूमिका। उक्त आत्मसमर्पित नक्सली को छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएं प्रदान किया जायेगा।

# हथौड़े के हमले से भाभी की मौत, भाई गंभीर, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

परपा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े बोदल में बुधवार रात एक देवर ने अपनी भाभी व भाई के सिर पर हथोड़े से हमला कर दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। हमले में गंभीर घायलों को उपचार के लिए मेकाज भेजा गया। यहां इलाज के दौरान भाभी की मौत हो गई। वहीं भाई का मेकाज में उपचार चल रहा है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी केशलूर मोहम्मद नासिर बाटी के पर्यवेक्षण में थाना परपा प्रभारी भोला सिंह राजपुत के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था।



- परपा थाना क्षेत्र के बड़े बोदल ग्राम की घटना

पुलिस के मुताबिक बड़े बोदल स्कूलपारा निवासी बोड़कू मंडावी अपनी पत्नी जयमनी व दो बच्चे गणेश (11) व बेटी अनुराधा (3) के साथ घर में मौजूद थे। वहीं, बोड़कू का छोटा भाई नीलू मंडावी अपनी पत्नी सुको व दो बच्चों के साथ भाई के घर से कुछ दूरी में रहता है। बताया जा रहा है कि करीब सा भर से नीलू मंडावी की दिमागी हालात ठीक नहीं चल रही है। बुधवार की रात को अचानक ▸▸|शेष पेज 12 पर

# स्टेट बैंक पर 15 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर।

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने दिया आदेश

जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक प्रकरण में आवेदक को भारतीय स्टेट बैंक 15 हजार रुपए का जुर्माना अदा करेगा। यह आदेश आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक स्वप्निल खेड़ुलकर ने भारतीय स्टेट बैंक की ठाकुर रोड स्थित ब्रांच से अपनी संस्थान अंजली फ्लैक्स प्रिंटिंग के नाम पर ऋण प्राप्त किया था। आवेदक द्वारा ऋण की समस्त राशि बैंक में जमा की जा चुकी थी। आवेदक द्वारा राशि जमा किए जाने के लगभग एक माह पश्चात आवेदक





को बैंक द्वारा एसएमएस भेजकर एवं फोन पर सूचित किया गया कि आपकी ऋण की किश्तों की राशि शेष है। आवेदक द्वारा बैंक में जाकर इसकी शिकायत संबंधित अधिकारी से किए जाने पर उनके द्वारा आवेदक के साथ सहयोगात्मक व्यवहार नहीं किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक द्वारा ऋण की संपूर्ण राशि अदा करने के बाद बैंक ▸▸|शेष पेज 12 पर

# छग सीमा पर मुठभेड़, ओडिशा पुलिस ने मार गिराया वर्दीधारी नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर/सुकमा

- सुबह शबरी नदी पार कर रहे थे दो दर्जन से अधिक नक्सली
- मुठभेड़ में ओडिशा पुलिस का एक जवान घायल

प्रदेश की सीमा में गुरुवार सुबह हुए मुठभेड़ में ओडिशा पुलिस ने एक वर्दीधारी नक्सली को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने बंदूक के अलावा भारी संख्या में विस्फोटक व नक्सली सामग्री बरामद किया है। ओडिशा पुलिस के मुताबिक नक्सलियों के सुकमा जिले के एर्राबोर थाना क्षेत्र से लगे मलकानगिरी जिले के जिनेलगुड़ा गांव से लगे शबरी नदी पार करने की सूचना मिली थी। जिसके बाद ऑपरेशन के लिए डीवीएफ जवानों को रवाना किया गया था। ओडिशा पुलिस के जवानों व नक्सलियों के बीच तड़के मुठभेड़ हुआ। दोनों ओर से आधे घंटे चली मुठभेड़ के बाद नक्सली ▸▸|शेष पेज 12 पर



### खुफिया सूचना पर अभियान

नक्सलियों के नदी पार करने की खुफिया इनपुट के बाद कार्रवाई की गई। लगभग 30 नक्सलियों के नदी पार करने की खुफिया सूचना पर सर्चिंग अभियान चलाया गया था। मौके से एक नक्सली का शव के अलावा हथियार, गोला बारूद और नक्सली सामग्री बरामद किया गया है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

**संदीप पाटिल,** एसडीओपी मलकानगिरी।

## कमिश्नर ने परपा कांजी हाउस का किया औचक निरीक्षण

# मवेशियों के लिए चारे-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- दुर्घटनाएं रोकने रात को पशुओं को सड़क से हटाएं

कमिश्नर डोमन सिंह ने सीईओ जिला पंचायत प्रतिष्ठा ममगाई के साथ गुरुवार को परपा स्थित कांजी हाउस का औचक निरीक्षण किया। कांजी हाउस में मवेशियों के लिए पर्याप्त चारे-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों विशेषकर सड़कों में विचरण करने वाले आवारा पशुओं के नियंत्रण हेतु प्रभावी ढंग से पहल करने पर जोर देते हुए नियंत्रण दलों के माध्यम से रात्रि में सड़कों से आवारा पशुओं को काऊ कैचर के द्वारा कांजी हाउस लाए जाने कहा। कमिश्नर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों से



आवारा पशुओं को हटाने की दिशा में नियमित तौर पर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए।

कमिश्नर ने कांजी हाउस निरीक्षण के दौरान कांजी हाउस में मवेशियों को रखने के लिए शेड की व्यवस्था को पर्याप्त निरूपित करते हुए यहां पर रखे जाने वाले मवेशियों के गोबर से जैविक खाद तथा कंडे बनाने कहा। वहीं कांजी हाउस के खाली जगह में नेपियर घास का उत्पादन किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही धान कटाई एवं मिंजाई के पश्चात किसानों से सम्पर्क कर पैंरा की व्यवस्था किए जाने कहा। उन्होंने स्वयंसेवी संगठनों तथा समाजसेवी नागरिकों का भी कांजी हाउस संचालन हेतु सहयोग लेने कहा।

### मवेशियों का उपचार किया जाए

*साथ ही इन सभी के सहयोग से भी पशु चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। वहीं कांजी हाउस में पशु चिकित्सा दल के द्वारा नियमित रूप से मवेशियों का उपचार किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान निगम आयुक्त निर्भय साहू और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।*

## पाठक सूचना

सुकमा एवं आस-पास के क्षेत्रों में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो साथ ही समाचार पत्र, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

ब्यूरोचीफ : जयदीप सिंह भदौरिया, सुकमा जिला

दीप न्यूज एजेंसी

पता : मो. अनवर पटनमपारा सुकमा

मो. 9149027841

## खबर संक्षेप

### नूतन स्कूल में नशामुक्ति अभियान पर हुई कार्यशाला

**धमतरी।** नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में नशा एक अभिशाप पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर के चिकित्सक हीरा महावर ने नशे के दुष्परिणाम और नशा करने से होने वाले भयंकर बीमारी जैसे कैंसर, टीबी, फेफड़ों से संबंधित होने वाले विभिन्न प्रकार की बीमारी के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 270 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। विद्यालय के प्राचार्य एससी ख्रिष्टी, पीटीआई शिक्षक एचएस ठाकुर, गुजराती समाज के सचिव ललित कुमार एवं विद्यालय के अन्य शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित थे।

### बारना में रासेयो शिविर आज से

**धमतरी।** ग्राम बारना में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 21 से 27 नवम्बर तक शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रतिदिन स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। दोपहर 2.30 से 4.30 तक बौद्धिक परिचर्चा होगी। उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती कविता बाबर सभापति जिला पंचायत धमतरी होंगी। अध्यक्षता अजय कुमार निषाद प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग होंगे। अध्यक्षता रुपचंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बारना करेंगे। विशिष्ट अतिथि माधुरी पटेल, ललिता ध्रुव, दौलत राम साहू, माखनलाल साहू, पोषण साहू, गौरीशंकर पटेल, विकास साहू, घनाराम साहू दिलीप निषाद, टेमिन साहू, मनीराम साहू सचिव होंगे। 23 नवम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

### राजपुर में रासेयो शिविर प्रारंभ

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में यशवंत राव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की रासेयो इकाई द्वारा 20 से 26 नवंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में प्रतिदिन स्वयंसेवकों द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जायेगा। दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा होगी। 21 नवंबर को पंचायत विभाग, 22 नवंबर को उच्च शिक्षा विभाग, 23 नवंबर को पुलिस विभाग, 24 नवंबर को पत्रकारिता विभाग, 25 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग भाग लेगा। शिविर उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हरि विनायक सिन्हा जनपद वन सभापति थे। अध्यक्षता डॉ प्रभा वेरूलकर प्राचार्य यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड ने की। विशिष्ट अतिथि प्रीतबाई कंवर सरपंच राजपुर, नरेश अग्रवाल अध्यक्ष ज भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय मगरलोड, विजय यदु अध्यक्ष भाजपा मंडल, जनक सिन्हा ग्रामीण अध्यक्ष राजपुर, पूनम सिन्हा कोषाध्यक्ष, गिरवर यदु सचिव, लीलाबाई यादव उपसरपंच थे।

# कोंडागांव में प्लेसमेंट कर्मचारियों का धरना, सीधे वेतन भुगतान की मांग

## नियमित कर्मचारियों के समान सुविधाएं दी जाएं, मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन होगा तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ नगर विकास प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ ने राज्यभर के नगर निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर एकजुट होकर आवाज उठाई है। महासंघ ने 19 नवंबर से जिला प्रशासन कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन शुरू किया है। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य ठेका प्रथा को खत्म कर प्लेसमेंट कर्मचारियों को सीधे नगर निकायों से वेतन दिलाना है।

धरना प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से नगर निकायों में विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं। नगर की सफाई, पानी की व्यवस्था, और अन्य मूलभूत सेवाएं प्रदान करते हैं। इसके बावजूद उन्हें ठेका आधार पर काम करना पड़ता है। जिसके कारण उन्हें न्यूनतम वेतन मिलता है और उन्हें अन्य कर्मचारियों के समान सुविधाएं भी प्राप्त नहीं होती हैं।

वे मांग कर रहे हैं कि उन्हें नियमित कर्मचारी के समान दर्जा दिया जाए। सीधे नगर निकायों से वेतन दिया जाए। प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के नेताओं का कहना है कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कई बार प्रशासन से मुलाकात की है लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे अपना आंदोलन और तेज करेंगे।



### प्रदर्शन प्लेसमेंट कर्मचारियों के अधिकारों के लिए लड़ाई का प्रतीक

यह धरना प्रदर्शन न केवल कोण्डागांव जिले बल्कि पूरे राज्य के लिए महत्वपूर्ण है। यह प्रदर्शन प्लेसमेंट कर्मचारियों के अधिकारों के लिए लड़ाई का प्रतीक है। यह प्रदर्शन यह भी दर्शाता है कि ठेका प्रथा कितनी समस्याग्रस्त है और इससे कर्मचारियों को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करे और उन्हें न्याय प्रदान करे। ठेका प्रथा को खत्म करके प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए। इससे न केवल प्लेसमेंट कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित होगा बल्कि नगर निकायों में कार्य करने वाले कर्मचारियों में कार्यकुशलता भी बढ़ेगी। इस धरना प्रदर्शन से यह भी उम्मीद की जाती है कि अन्य राज्यों में भी प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाएंगे और सरकार को मजबूर होंगे कि वह उनके हक में फैसले लें।

## बैठक : जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की गई समीक्षा

# अच्छे किस्म के धान की खरीदी करें और कोचियों व व्यापारियों पर रखें नजर: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के 67 उपार्जन केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से शासन के निर्देशानुसार 14 नवम्बर से धान उपार्जन किया जा रहा है। कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा धान उपार्जन कार्य में संलग्न सभी विभाग खाद्य, सहकारिता, जिला सहकारी बैंक, विपणन एवं नागरिक आपूर्ति निगम की समीक्षा बैठक में जिले के पंजीकृत कृषकों से शासन के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से औसत अच्छी किस्म के धान लेने। किसानों को उपार्जन केन्द्र में टोकन प्राप्त करने से उपार्जन केन्द्र में धान विक्रय तक हर सम्भव सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया।



### 55 298 किसानों ने कराया है पंजीयन

*कलेक्टर ने कहा कि किसानों को धान विक्रय में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। शासन के निर्देशानुसार नये पुराने बारदाने में 50:50 के अनुपात में खरीदने, बारदानों में अनिवार्य रूप से उपार्जन केन्द्रों का मार्का लगाने और खरीदे गये धान की स्टेकिंग निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप किये जाने कहा गया। साथ ही कोचियों, व्यापारियों पर नजर रखने एवं अवैध धान विक्रय के लिए लाए जाने पर एसडीएम, तहसीलदार एवं खाद्य विभाग को सूचना देने एवं नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिले में इस वर्ष 55298 किसानों के द्वारा धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया गया है। जिसमें गतवर्ष की तुलना में 3266 नवीन कृषकों के द्वारा पंजीयन कराया गया है। कुल पंजीकृत कृषकों के कुल धान का रकबा 76383.67 हे. है।*

### धान खरीदी की धीमी शुरुआत, जल्द बढ़ेगी गति

**कोण्डागांव।** जिले के बड़े बेंदरी धान उपार्जन केंद्र में इस साल धान खरीदी का काम धीमी रफ्तार से शुरू हुआ है। इसके पीछे मुख्य वजह यह है कि ज्यादातर किसानों की धान अभी खेतों और खलिहानों में है। मिंजाई पूरी होते ही किसान अपनी उपज केंद्र तक पहुंचाने लगेंगे, जिससे खरीदी प्रक्रिया रफ्तार पकड़ लेगी।



धान उपार्जन केंद्र के प्रभारी संतोष कुमार वट्टी ने बताया कि इस बार खरीदी का लक्ष्य 50 हजार क्विंटल रखा गया है जो पिछले साल के 47 हजार क्विंटल के मुकाबले अधिक है। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा का खास ख्याल रखते हुए केंद्र पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। खराब मौसम के लिए तिरपाल और बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धान बेचने पहुंचे किसान लालेश्वर परासर ने केंद्र की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि धान की तौल सही तरीके से हो रही है और केंद्र पर सुविधाएं भी अच्छी हैं। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे समय पर मिंजाई और धान की सफाई का काम पूरा करें ताकि खरीदी प्रक्रिया में किसी तरह की रुकावट न आए। आने वाले दिनों में धान की आवक बढ़ने की संभावना है। जिससे तय लक्ष्य समय पर हासिल किया जा सकेगा। इस बार प्रशासन और किसान दोनों को उम्मीद है कि बेहतर प्रबंध और बढ़े हुए लक्ष्य के साथ धान खरीदी का यह सीजन सफल रहेगा।

# विधिक शिविर में छात्रों को मिली कानूनी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोण्डागांव के पोस्ट मैट्रिक पिछड़ा वर्ग बालक छात्रवास में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर माननीय उत्तरा कुमार कश्यप, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कोण्डागांव के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कानून की जानकारी जीवन का अहम हिस्सा – शिविर में कमलेश कुमार जुर्री जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, एफ.टी.एस.सी. पॉक्सो, विक्रम प्रताप चंद्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, और अधिवक्ता सुरेंद्र भट्ट ने छात्रें को संबोधित किया। उन्होंने लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पॉक्सो एक्ट, मोटर यान अधिनियम, यातायात नियम, और मोबाइल से जुड़े अपराध जैसे फ्रॉड कॉल, ब्लैकमेलिंग, और फोटो वायरल करने जैसे मुद्दों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रें को निःशुल्क कानूनी सहायता की प्रक्रियाओं के साथ उनके अधिकार और कर्तव्यों को समझाया गया। वक्ताओं ने कानून की जानकारी को जीवन का अहम हिस्सा बनाने और सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रें में विधिक साक्षरता बढ़ाना और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना था। अधिकारियों ने छात्रें को जीवन में कानूनी ज्ञान के महत्व को अपनाने की प्रेरणा दी। इस मौके पर छात्रवास अधीक्षक बलराम यादव, पारेश्वर देवांगन अधिकार मित्र, और छात्रवास के बच्चे मौजूद रहे।

# ससुर के साथ मिलकर बेटे ने मां-बाप को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

- मकान बनाने को लेकर हुआ विवाद

मकान बनाने को लेकर हुए विवाद पर मंझले बेटे ने ससुर व पत्नी के साथ मिलकर अपने बूढ़े मां-बाप से मारपीट की। इस घटना में वे घायल हो गए। पुलिस के अनुसार ईश्वर सिन्हा पिता बिसौहा उम्र 28 वर्ष जालमपुर वार्ड दानीटोला निवासी खेती किसानी का काम करता है। उसका मंझला बेटा राजकुमार सिन्हा घर के सामने अपने परिवार के साथ अलग रहता है। मंगलवार की सुबह जाने के रास्ते में घर बनाने के लिए कॉलम खड़ा कर रहा था, जिसे देख ईश्वर ने मना कर पीछे की खाली जगह में मकान बनाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर राजकुमार अपने पिता के साथ विवाद करने लगा। आसपास के लोगों ने समझाइश देकर शांत कराया।

मंगलवार की शाम ईश्वर अपनी पत्नी सावित्री सिन्हा के साथ पड़ोस में रह रही बेटी कमला सिन्हा के घर गया था। जहां से रात्रि में दोनों अपने घर वापस आ गए। इसी दौरान घर के पास मंझला बेटा राजकुमार सिन्हा, पत्नी सेवती सिन्हा व उसके ससुर पुनु सिन्हा नगरी निवासी तथा पुत्र निखिल सिन्हा ने मकान बनाने नहीं देने की बात कहकर ईश्वर सिन्हा से मारपीट की। बीच बचाव कर रही सावित्री सिन्हा व उसकी नातिन नेहा सिन्हा के साथ सभी ने मिलकर हाथ, मुक्के व लात से मारपीट कर चोट पहुंचाई। इस घटना में ईश्वर के बाएं गाल, पीठ व सावित्री के हाथ, सिर, मुंह तथा नेहा के पैर में चोट आई है। पीड़ित ईश्वर सिन्हा की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी राजकुमार सिन्हा, पुनु सिन्हा, सेवती सिन्हा व निखिल सिन्हा के खिलाफ धारा 115/2, 296, 3/5, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।




# डॉ. पोर्ते के समाज के दिए योगदान को किया गया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- भंवर सिंह की 31वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

बाबा साहेब सेवा संस्था के कार्यालय, अंबेडकर चौक में 18 नवंबर की संध्या पर डॉ. भंवर सिंह पोर्ते की 31वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। सभा में जयघोष के साथ उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

डॉ. भंवर सिंह पोर्ते के समाज के प्रति अपार योगदान, जागरुकता लाने के प्रयासों और समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों को सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्मरण किया। उन्होंने अपने जीवन को समाज की सेवा और दलित, पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। उनके कार्यों ने न केवल समाज में जागरुकता पैदा की बल्कि एक सकारात्मक परिवर्तन की नींव भी रखी। बाबा साहेब सेवा संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि डॉ. भंवर सिंह पोर्ते की पुण्यतिथि पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य समाज को उनके जीवन और विचारधारा से प्रेरणा देना है। उन्होंने समाज सुधार और समरसता के लिए जो कार्य किए, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल हैं। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि डॉ. भंवर सिंह पोर्ते के आदर्शों और समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाते रहेंगे। सभा के अंत में उनके महान कार्योंर् को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।




**ये रहे उपस्थित-** श्रद्धांजलि सभा में बाबा साहेब सेवा संस्था के अध्यक्ष मुकेश मार्कंडेय सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें ओमप्रकाश नाग, विरेन्द्र नेताम, देवानंद चौरे, मुकेश निरेटी, नरसिंह मांडवी, पंचू सॉरी, भुवन मार्कंडेय, और सिद्धार्थ महाजन आदि शामिल थे।

# शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने विधायक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- मांगे पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का आग्रह

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश इकाई के चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में 20 नवम्बर को मोदी की गारंटी लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा कोंडागांव जिला संयोजक ऋषिदेव सिंह के नेतृत्व में विकासखंड कोण्डागांव मोर्चा पदाधिकारियों ने सुश्री लता उसेंडी, विधायक कोण्डागांव एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा को अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा।

जिन मांगों को लेकर एल बी संवर्ग ने ज्ञापन सौंपा, उसमें मोदी जी के गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत, समयमान वेतनमान प्रदान किया जाए। समतुल्य वेतनमान पुनरीक्षित वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जाए। पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करें। भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जाए। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्युए/261/2024 में डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय दिनांक 28.02.2024 के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति, समयमान का विभागीय आदेश किया जाए। शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ, सीजीपीएफ खाता में किया जाए। मोर्चा ने अपने मांगों को पूरा कराने के लिए विधायक से मुख्यमंत्री को पत्र लिखने का आग्रह किया। विधायक सुश्री लता उसेंडी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने एवं विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्न लगाने एवं चर्चा करने का भरोसा दिलाया।



### इनकी रही मौजूदगी

ज्ञापन सौंपने के कार्यक्रम में शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम सहित प्रांतीय सह संयोजक चन्द्रकांत ठाकुर, नीलम श्रीवास्तव, जिला पदाधिकारी सुश्री मालती ध्रुव, मधुमति मंडावी, अरूण दीवान, गुलेन्द्र पटेल, गुरूदीप छाबड़ा, अशोक साहू, अनील कोर्राम, दौलत कोर्राम, रंजीत टिक्की, शिवकुमार मंडावी, लोकेश कुंवर, राजेश सिंह, लखीराम बघेल, चमनलाल शोरी, अमलेश बारले, उपेन्द्र कोमा, बाबूलाल पाण्डेय एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### नाबालिगों से कराया...

मजदूरी मिल रही है ना ही उनका पीएफ काटा जा रहा है।

**पुलिस के पास रिकार्ड नहीं-** दूसरे राज्यों से भांसी में मजदूरी करने आये सैकड़ो मजदूरों की जानकारी व सूची भी भांसी पुलिस थाने मे जमा नहीं की गई। पुलिस थाना की भी बड़ी लापरवाही उजागर हो रही है। नक्सली प्रभावित व संवेदनशील क्षेत्र होने के बावजूद इन मजदूरों की परिचय पत्र पुलिस के पास नहीं होना जब की क्षेत्र में लगातार घटनाये बढ़ रही हैं।

### हथौड़े के हमले...

नीलू बड़े भाई बोड़कू के घर आया जहां भाभी जयमनी ने उसे खाना खाने की बात कही। जिस पर नीलू ने खाना न खाने की बात कहते हुए चला गया। कुछ देर बाद नीलू वापस आया और अपनी भाभी जयमनी के ऊपर हथोड़े से वार करने लगा। पत्नी पर हमला होता देख भाई बीच-बचाव करने के लिए पहुंचा। आरोपी नीलू ने बड़े भाई के ऊपर भी हथोड़े से वार करते हुए फरार हो गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग घर पहुंचे। घायलों को आसपास के लोग अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान जयमनी ने दम तोड़ दिया जबकि भाई को घायल अवस्था मे भर्ती किया गया है। पुलिस के मुताबिक चार दिन पहले नीलू ने अपनी पत्नी को धमकाने के चलते अपने मायके आमाडोंगरी पखनार अपने बच्चों को लेकर चली गई थी। अपने भाभी जयमनी मंडावी से गुस्से में बोला कि आपके कारण मेरी पत्नी घर छोड़कर चली गयी है आना नहीं चाहती है बोलकर अपने साथ रखे लोहे का राड व हथौडा से अपने भाभी जयमनी मंडावी को सिर में जान से मारने की नियत से प्रहार कर तथा अपने भाई बोडकू मंडावी को गंभीर चोट पहुंचाया।

**हथियार समेत आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल-** पुलिस ने मामले में आरोपी नीलू मंडावी पिता चैतु मण्डावी निवासी बडे बोदल का पतासाजी कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर घटना में प्रयुक्त हथौड़े को जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 103 (1), 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक भोला सिंह राजपुत के अलावा एएसआई अजीत सिंह, मीना यादव, हरवान सिंह, प्रधान आरक्षक सुधीर मिश्रा, ओमप्रकाश ध्रुव, शत्रुघन धर दीवान, आरक्षक शंकर कश्यप व मोहन ध्रुवे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्टेट बैंक पर...

से नो ड्यूस सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया जा चुका था। इसके लगभग एक माह पश्चात आवेदक को एसएमएस फोन कॉल किए गए थे। इससे यह स्पष्ट है कि बैंक द्वारा आवेदक के ऋण खाते को निर्धारित समय अवधि के भीतर अपडेट नहीं किया गया था, साथ ही इसकी सूचना कॉल सेंटर को नहीं दी, जिसके कारण कॉल सेंटर द्वारा उक्त एसएमएस, फोन कॉल किए गए थे। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा इस बैंक की लापरवाही एवं सेवा में कमी मानते हुए बैंक को 15 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

### छग सीमा पर...

भागने में कामयाब रहे। मुठभेड़ स्थल से जवानों ने वर्दीधारी नक्सली के शव के अलावा भारी मात्रा में हथियार, गोला बारूद व नक्सली सामग्री बरामद किया है। मुठभेड़ में ओडिशा पुलिस का एक जवान भी घायल हुआ है।घायल जवान का नाम डमरू नायक बताया जा रहा है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मलकानगिरी जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

**छग में फोर्स के दबाव के चलते नक्सलियों ने ओडिशा का रुख किया-** छग में लगातार मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने और फोर्स के दबाव के चलते नक्सली ओडिशा की ओर पलायन कर रहे हैं। सीमा से लगे मलकानगिरी जिले में फिर से माओवादी सक्रिय होने की सूचना मिली है। पड़ोसी राज्य में नक्सलियों के घुस पैठ करने की सूचना ओडिशा पुलिस को मिलने के बाद डीवीएफ जवानों में तलाशी अभियान शुरू किया था। बताया जा रहा है कि मौके से कुछ नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने हिरासत में भी लिया है लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सका है।

# तीन एकड़ की धान खरही जलकर हुई राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरूद

भखारा थाना अंतर्गत ग्राम कोर्रा के किसान ने अपने खेत में तीन एकड़ की धान की फसल को एकट्ठा कर खरही बनाकर रखा था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग के हवाले कर दिया। धान की फसल पूरी तरह से जलकर राख हो गई। इस आगजनी में किसान को लाखों की क्षति हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोर्रा निवासी कोमल साहू ने जुगदेही खार के 3 एकड़ में सांभा मासरी धान की फसल लगाई थी। फसल को काटकर किसान ने खेत में ही खरही बनाकर रखा था जिस पर मंगलवार की रात्रि किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। बुधवार को धान की खरही में आग लगने की जानकारी पास के ही खलिहान में काम कर रहे ग्रामीण ने किसान को दी। पीड़ित किसान कोमल साहू व ग्रामीण कुछ कर पाते तब तक 3 एकड़ की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई थी। आग किसने लगाई, अभी तक अज्ञात है। पीड़ित किसान ने घटना की जानकारी भखारा पुलिस को देकर मुआवजे की मांग की है। पुलिस पीड़ित किसान की रिपोर्ट पर आगे की विवेचना में जुटी है।



## खबर संक्षेप

### प्राथमिक शाला बड़ेपारा में न्योता भोज का आयोजन



**भोंड।** बस्तर जिले के शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेपारा संकुल फरसागुड़ा में न्योता भोज का आयोजन किया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सनमन कश्यप, संकुल समन्यक संजीव शर्मा, गजेंद्र ठाकुर व समस्त स्टाफ मौजूद थे। न्योता भोज में पोषण आहार को ध्यान में रखते हुएं खीर, पूड़ी, दो सब्जी, चावल, पापड़, आचार आदि परोसे गये। प्रधान अध्यापिका ने बच्चों को खूब पढ़ लिखकर अपने माता पिता का नाम रोशन करने को कहा।

### बालिकाओं के साथ स्वच्छता अभियान में जुड़े जिपं उपाध्यक्ष

**भोंड।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गुरुवार को छात्राओं के द्वारा पूंजीगुडा में सड़क किनारे सफाई का कार्य किया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप छात्राओं को सफाई कार्य में लगे देखकर अपने आप को रोक नहीं सके और बालिकाओं के साथ स्वच्छता अभियान में जुड़ गए। संभागीय कार्यक्रम समन्वयक लालू राम पटेल ने शिविर में बालिकाओं को योग कराया एवं विस्तार पूर्वक जानकारी दी। शिविर को एबीईओ सुशील तिवारी ने अवलोकन किया।

### बच्चों की भाषा में बनी अभ्यास की पुस्तकें



**बस्तर।** डाइट बस्तर में कक्षा पहली व दूसरी के लिए बना बच्चों की भाषा में अभ्यास की पुस्तकें एवं कहानी वी कविता की सामग्रियां। बस्तर जिले के 1524 प्राथमिक शालाओं के लिए लगातार लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के द्वारा राज्य के एफएलएन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है। बकावंड ब्लॉक के लगभग सभी स्कूलों के बच्चे भतरी भाषा से परिचित है जिसके लिए बच्चों की मातृभाषा से बच्चों के लिए अभ्यास पुस्तिकाएं एवं बच्चों से जुड़ी उनके संदर्भों से कहानी एवं कविताएं निर्माण किए गए इसके लिए भारत भाषा की जानकारी एवं ब्लाक के शिक्षकों के द्वारा यह सामग्री निर्माण किया गया ताकि बच्चों को उनकी भाषा से शिक्षा से जोड़ते हुए राज्य की भाषा तक पहुंच पाए। समीक्षा कार्यशाला में दुर्जन कश्यप एवं शिक्षक शिवशंकर कश्यप ,महेंद्र पांडे, मोहित पांडे ,लखन कश्यप एवं लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन से भारत साहू ,सुनील कुमार सिंह एवं सुदरू राम भारती इस समीक्षा कार्यशाला में उपस्थित रहे।

### सर्व आदिवासी समाज ने सौंपा ज्ञापन

**गीदम।** सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने जितेंद्र वेट्टी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पांचवीं अनुसूचित क्षेत्र जहां पेशा अधिनियम लागू है वहीं आदिवासी समाज की महिलाओं से दीगर समाज के लोग विवाह कर उनको चुनाव लड़वाकर तथा नौकरी आदि का लाभ ले रहे हैं जो कि उचित नहीं है। वेट्टी ने जारी विज्ञप्ति में कहा की सर्व आदिवासी समाज ने पिछले दिवस एसडीएम को भी ज्ञापन सौंपा था।

### 23 को व्याख्यानमाला

**धमतरी।** पीजी महाविद्यालय प्रांगण में 26 नवम्बर को प्रातः 11 बजे प्राचार्य व्दारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया जाएगा। संविधान दिवस के अवसर पर दोपहर 12 बजे विधि संकाय में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है।

### पीजी कालेज में आभासी न्यायालय 30 को

**धमतरी।** पीजी कालेज के नवीन भवन के सेमीनार हॉल में 30 नवम्बर को प्रातः 10: 30 बजे विधि भाग-तीन के विद्यार्थियों व्दारा मूटकोर्ट (आभासी न्यायालय) का आयोजन किया गया है। आपराधिक विधि अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की धारा-103 एवं सिविल मामले अंतर्गत हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13(1) का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा।

## नगरीय निकाय में प्लेसमेंट कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

# साफ-सफाई और वाटर सप्लाई पर असर





हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

नगर पालिका सुकमा समेत जिलेभर के नगरीय निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 19 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इससे निकाय के कार्यालयीन कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नगरपालिका सुकमा और कोंटा एवं दोरनापाल नगर पंचायत के करीब 100 से ज्यादा प्लेसमेंट कर्मचारी कार्यरत हैं। नाराज कर्मचारियों का कहना है कि उनकी चार सूत्री मांगों को शासन पूरा करें। अनियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से नगरीय निकाय में काम बंद पड़ा है। हड़ताल से सबसे ज्यादा असर साफ सफाई और वाटर सप्लाई पर पड़ा है। प्लेसमेंट कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष महादेव यादव ने बताया कि पिछले 10 से लेकर 15 सालों से यहां काम कर रहे हैं। बावजूद इसके उनकी मांगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ठेका प्रथा के तहत होने वाले वेतन भुगतान को समाप्त किए जाने की मांग की है। अन्य विभागों के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किया जाए। दस सालों से काम कर रहे कर्मचारियों को नियमित किया जाए साथ ही श्रम सम्मान निधि के रूप में हर महीने 4 हजार दिया जाए।

### कांग्रेस ने किया समर्थन

जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी और सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू ने हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने कर्मचारियों की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगरीय क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं। सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द मांगो को पूरा किया जाए। इस अवसर पर शेख सज्जार, राजेश नारा, रिंकू दास एवं अन्य मौजूद रहे।

### सफाई, नलजल व विद्युत व्यवस्था चरमराई



**गीदम।** नगरीय निकायों में प्लेसमेंट व ठेका प्रथा को बंद किए जाने एवं अन्य विभागों के तर्ज पर निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को भी निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किए जाने की अपनी पुरानी मांगों को लेकर जिले के सभी जिले के सभी 5 नगरीय निकायों के सैंकड़ों प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। प्लेसमेंट कर्मचारियों ने जहां अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की है तो वहीं सफाई दीदीयों ने 19 नवंबर से लेकर 21 नवंबर कुल 3 दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के अंतर्गत कुल 184 नगरीय निकायों में 14 नगर निगम, 50 नगर पालिका व 120 नगर पंचायत आते हैं। जिनमें 20 वर्षों से कार्यरत करीब 20 हजार प्लेसमेंट, आउटसोर्सिंग ठेका कर्मचारी, कुशल, अर्धकुशल कर्मचारी शामिल है। नगरीय निकायों में कार्यरत सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों की लंबे समय से मांग रही है कि उन्हें भी शासन के अन्य विभागों के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन भुगतान किया जाए। इसलिए हमें फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठना पड़ा है। प्लेसमेंट कर्मचारियों ने ठेका प्रथा बंद करो, प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करो, सरकार होश में आओ के नारे भी बुलंद किए। प्लेसमेंट कर्मचारियों की यह भी मांग है कि उन्हें 4000 रूपए श्रम सम्मान राशि प्रदान किया जाए। और पिछले 15 से 20 वर्षों से निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमितिकरण किया जाए। वहीं दुसरी ओर सफाई वाली स्वच्छता दीदीयों की मांग है कि अभी उन्हें 7200 रूपए बतौर मानदेय दिया जा रहा है जो कि आज की महंगाई के हिसाब से बेहद कम है। सफाई दीदीयों की मांग है कि उन्हें कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जाए। सप्ताह में उन्हें एक दिन का अवकाश मिले। प्लेसमेंट कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से नगर में सफाई व्यवस्था, नलजल, व विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है।

## महिला आयोग बस्तर संभाग के साथ रायपुर का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगी दीपिका





हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में सदस्यों की नियुक्ति के बाद सभी नवनियुक्त सदस्य छतीसगढ़ के पांचो संभागों में अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी। महिला आयोग की बैठक में नये सदस्यों की नियुक्ति के पश्चात संभागवार न्यायपीठ का गठन किया गया। महिला आयोग की बैठक में सभी सदस्यों को स्वयं से संभाग चयन करने का प्रस्ताव रखा गया बस्तर संभाग का प्रभार अधिवक्ता दीपिका शोरी ने लिया उन्होंने कहा कि अभी बस्तर में महिलाओं के लिए बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक न होने के कारण उनका शोषण होता है ख़ासकर बालिकाओं को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना मेरी प्राथमिकताओं में है। बस्तर के सातों जिलों में मै लगातार भ्रमण कर इस दिशा में कार्य करूंगी एवं सातों जिले के पुलिस अधीक्षकों के माध्यम से उन पुलिस थानो की जानकारी एकत्र कर जहाँ महिलाओं व बालिकाओं के प्रति ज्यादा अपराध होते हैं, उन स्थानों पर शिविर के माध्यम महिलाओं को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## छह दिवसीय एआईसीटीई अटल कार्यशाला का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक एआईसीटीई नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त है तथा छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई से संबद्ध है। तकनीकी शिक्षा में अकादमिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के अपने प्रयास में एआईसीटीई ने कई गुणवत्तापूर्ण पहल की हैं, जिसमें देश भर के कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षक के विकास पर प्रोत्साहन भी शामिल है। एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग (अटल ) अकादमी एक ऐसी पहल है जो इस वर्ष उन्नत सामग्री, आईओटी, एमएल, एआई, रोबोटिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा आदि जैसे उभरते महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संकाय ज्ञान प्रदान करने, उन्नत करने के लिए विभिन्न शिक्षक विकास कार्यक्रम आयोजित कर रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए पूरे भारत में विभिन्न उभरते क्षेत्रों में कुल 50 एफडीपी ऑफ़लाइन मोड में निर्धारित किए गए हैं और छत्तीसगढ़ में कुल 4 कॉलेजों को एफडीपी आयोजित करने का अवसर मिला है। एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक दंतेवाड़ा उन तीन संस्थानों में से एक है जिन्हें यह अवसर मिला है। यह बड़े गर्व की बात है कि बस्तर क्षेत्र में यह संस्थान ऐसा करने वाला एकमात्र पॉलिटेक्निक है। कार्यशाला के चतुर्थ दिवस में उच्च एन्ट्रॉपी मिश्र धातु के लक्षणों एवं वेल्डिंग के विषय पर चर्चा हुई। चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में डॉ सौरव चंद्राकर सहायक प्रोफेसर (एन आई टी कर्नाटक) ने डिफरेंट मैकेनिकल प्रॉपर्टीज ऑफ हाई एंट्रॉपी एलॉय पर चर्चा की । उन्होंने अपने सत्र में विभिन्न उपायों की चर्चा एवं व्याख्या की। द्वितीय सत्र में ऋतुराज चंद्राकर ने इफेक्ट ऑफ एलॉयिंग एलिमेंट एंड प्रोसेसिंग रूट ऑन एच ई ए को बताया। इस सत्र में विभिन्न डिज़ाइन प्रक्रिया हाई एंट्रोपी एलॉय के गुणों को बताया गया। एफडीपी के समन्वयक ऋतुराज चंद्राकर ने सभी प्रतिभागियों को सत्र के बाद विभिन्न कार्य करने की जानकारी दी। अंत में प्रयोगशाला सत्र समन्वयक द्वारा करवाया गया। जिसमे सभी प्रतिभागियों ने प्रायोगिक अध्ययन किया।

## खाद्य विभाग की दबिश, विभिन्न प्रतिष्ठानों से किया गया 24 लीटर पेट्रोल जब्त





हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार आज विकासखण्ड दन्तेवाड़ा के विभिन्न संस्थानों में खाद्य निरीक्षक प्रमोद कुमार सोनवानी, खाद्य निरीक्षक धीरेन्द्र कश्यप तथा खाद्य निरीक्षक श्रीमती प्रीति ठाकुर के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यालय के मेसर्स दशमती किराना स्टोर्स में 3 ली. पेट्रोल, मेसर्स जीतू किराना स्टोर्स में 1.5 ली. पेट्रोल, मेसर्स ओम साई सैलून में 3 ली. पेट्रोल, मेसर्स देवांगन किराना स्टोर्स में 4.5 ली. पेट्रोल, मेसर्स जमुना फूट एण्ड डेली निड्स में 6 ली. पेट्रोल तथा मेसर्स सीताराम पान पैलेस में 6 ली. पेट्रोल, अवैध रूप से विक्रय के उद्देश्य से रखा पाया गया। इस संबंध में अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) भंडारित होने व छ.ग. एम. एस. एच. एस. डी. (अनुज्ञापन तथा नियंत्रण) आदेश 1980 का उल्लंघन पाये जाने पर भंडारित ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) को जप्त कर लिया गया। इसके अलावा इन दुकानों में अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु कोई सुरक्षा उपाय नहीं था। जिसके लिए आगे की कार्यवाही हेतु प्रकरण को कलेक्टर (खाद्य शाखा) में प्रस्तुत किया गया है।

## कलेक्टर ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर कलेक्टर संबित मिश्रा ने विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति को देख खुशी जाहिर की और विद्यार्थियों को सतत अभ्यास करने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने अपने विद्यार्थी जीवन से आईएएस बनने का सफर भी बच्चों को बताया ताकि उनसे प्रेरणा लेकर एक सफल व्यक्ति बन सके।

कलेक्टर ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास हेतु शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा खेल, सांस्कृतिक एंव विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रतिभा को निखारने उनको सफल बनाने का प्रयास शिक्षा व्यवस्था में की गई है इसलिए जिस भी क्षेत्र में रूचि रखते हैं उस क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें पूरी लगन और ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत करने से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। एजुकेशन सिटी में स्थित नवीन भवन में नवोदय विद्यालय संचालित हो रहा है। जहां सर्वसुविधा उपलब्ध है। कलेक्टर ने नए भवन एवं मौजूद सुविधाओं की सराहना करते हुए बच्चों का इसका भरपूर लाभ लेने और अपने कर्तव्य पथ पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार एवं उप निदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को मोटिवेशनल स्पीच दिया गया।

इस अवसर पर कलेक्टर सहित उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गणित एवं भौतिक विज्ञान के प्रयोगशाला कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, कला प्रदर्शनी एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण किया गया एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के विद्यालय परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय अरूण कुमार एवं विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों में अतिथियों का अभिवादन किया।

## उपायुक्त डॉ आनंद बस्तर एक्सिलेंस अवॉर्ड से सम्मानित





हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

बस्तर एक्सिलेंस अवॉर्ड का आयोजन कृषि महाविद्यालय कुम्हरावंड के सभागार में आईबीसी 24 द्वारा किया गया। जिसमें बस्तर के सुदूर अंचलों में लंबे समय से सेवा देने के लिए उपायुक्त डॉ आनंद जी सिंह को बस्तर एक्सिलेंस अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उप मुख्यमंत्री अरुण साव के कर कमलों से प्रदान किया गया। गौरतलब है कि डॉ आनंद जी सिंह ने बस्तर अंचल में ही शिक्षा ग्रहण की और प्रशासनिक अधिकारी के रूप में लंबे समय से बस्तर अंचल में अपनी सेवाएं दे रहे है। साथ ही उनका गहरा जुड़ाव बस्तर अंचल से रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, वन मंत्री केदार कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, महापौर सफिरा साहू, संजय पांडे व आईबीसी 24 के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक व अन्य अवॉर्डी भी उपस्थित रहे।

## अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए वाहन व्यवस्था

**दंतेवाड़ा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय थल सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती हेतु माह अप्रैल में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 से 12 दिसम्बर तक जिला रायगढ़ में आयोजित है। इस संबंध में जिले के समस्त अग्निवीर भर्ती लिखित परीक्षा उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है कि शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु रायगढ़ जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क वाहन व्यवस्था कार्यालय के द्वारा किया जावेगा। अतः लिखित परीक्षा उत्तीर्ण छात्र, अभ्यर्थी 25 नवम्बर 2024 के पूर्व कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दंतेवाड़ा में उपस्थित होकर अपना नाम दर्ज करा सकते है।

## त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के निर्देशानुसार नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 में सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला दंतेवाड़ा के अंतर्गत आने वाले समस्त कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों की सूची के संबंध में निर्देश जारी किए गए है। इसके अनुसार संलग्न सूची में अंकित अधिकारी, कर्मचारियों का नाम, पदनाम, वेतनमान कार्यालय का नाम, मोबाईल नंबर आदि परीक्षण, संलग्न सूची में अंकित ऐसे अधिकारी, कर्मचारियों जो सेवानिवृत हुए हों या उनकी मृत्यु हुई हो ऐसे कर्मचारी का नाम सूची से हटाने, इसके अतिरिक्त दिव्यांग कर्मचारियों का भी स्पष्ट उल्लेख करने, ऐसे अधिकारी, कर्मचारियों जो लोकसभा चुनाव के बाद नवीन पदस्थापना एवं स्थानांतरण के तहत दूसरे जिले से दंतेवाड़ा जिले में आये हों उनके नाम संलग्न सूची में शामिल करने के निर्देश है।

## बेहतर प्रबंधन व्यवस्था के साथ हुआ बस्तर ओलंपिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



ब्लॉक स्तरीय बस्तर ओलंपिक का आयोजन 18 से 21 नवंबर तक मिनी स्टेडियम में आयोजित हुआ। इस प्रतियोगिता में नियद नेल्लानार सहित अंदरुनी गांवों के हजारों खिलाड़ी शामिल हुए हैं। सीईओ जनपद पंचायत बीजापुर गीत कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सुविधाएं तत्परतापूर्क उपलब्ध कराने बेहतर प्रबंधन की गई है। खिलाड़ियों के रहने-खाने की पर्याप्त व्यवस्था से खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है सभी आवश्यक सुविधाएं मिलने से खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। खिलाड़ियों ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किए जाने के कारण बस्तर ओलंपिक का सफल आयोजन हुआ स्थानीय प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों, प्रशिक्षकों द्वारा सभी प्रकार की मदद की गई जिससे बस्तर ओलंपिक का ब्लॉक स्तरीय आयोजन सफल हुआ और हम अब जिला स्तरीय खेल के लिए तैयार हैं।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▸ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▸ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## एक घंटा राष्ट्र के नाम अभियान का होगा विस्तार



जगदलपुर। सर्व हिन्दु समाज के द्वारा राष्ट्र हित को ध्येय में रखते हुए जन-जन में जागरण निमित्त एक घण्टा राष्ट्र के नाम अभियान संबंधी चिंतन-मनन की प्रक्रिया सतत जारी है। जिसका केन्द्रीय बैठक प्रति सप्ताह शनिवार को जगन्नाथ मंदिर में किया जाता है। इस अभियान का बैठक वार्ड स्तर पर भी होने लगा है। इसी कड़ी को विस्तार देते हुए अभियान के समन्वयक एल ईश्वर राव ने बताया कि गुरूवार को गंगानगर वार्ड में अभियान से वार्ड वासियों को जोड़ने व वार्डवासी अपने ही स्थानीय क्षेत्र में सप्ताह में एक दिन एक घंटा किसी निर्धारित स्थान पर बैठकर राष्ट्रहित को ध्येय में रखकर चिंतन-मनन करने प्रेरित किया जायेगा। जिसके संबंध में गुरूवार को गंगानगर वार्ड में सघन संपर्क स्थापित कर वार्ड स्तर पर अभियान को गति दिया जायेगा।

### बस्तर ओलम्पिक के तहत जिला स्तरीय दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन

# सभी क्षेत्रों से प्रतिभावान खिलाड़ी निकले : विनायक

**जिले के सातों विकासखंड से 1900 खिलाड़ी ले रहे भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर ओलम्पिक के तहत बस्तर जिला का जिला स्तरीय प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम, क्रीड़ा परिसर धरमपुरा और पंडरीपानी (हॉकी) में किया जा रहा है। इसका शुभारंभ इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में विधायक विनायक गोयल की आतिथ्य में किया गया। गोयल ने खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा और ध्वजारोहण कर किया। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलम्पिक के खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में पंजीयन करवाया और ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जीतकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंचें है सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री की मंशानुसार बस्तर के सभी क्षेत्रों से प्रतिभावान खिलाडी निकले इसी के तहत बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया गया है। खिलाडियों को अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिला है इसका भरपूर लाभ और खेल का आनंद लें। खेल में हार-जीत लगा रहता है खिलाड़ी कमजोर नहीं हो,खेल भावना से खेलकर कर उच्च स्तर खेलें। युवा खेल के साथ पढ़ाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा को दिखाएं। सीईओ जिला पंचायत एवं प्रभारी कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि बस्तर ओलंपिक के लिए एक अक्टूबर से पंजीयन प्रारंभ किया गया था जिसमें लगभग 37 हजार लोगों ने पंजीयन करवाया था जिसमें लगभग 26 हजार (71 प्रतिशत) लोगों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता तीन स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। जिसमें जिले के सातों विकासखंड से लगभग 1900 बालक-बालिका भाग ले रहे है। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत खेल गतिविधि और सामूहिक खेल के विजेताओं को नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

कार्यक्रम में अतिथियों ने फुटबाल को किक मारकर किया शुभारंभ, सातों विकासखण्ड़ के खिलाडियों ने शानदार मार्चपास्ट किया गया। बस्तर ओलम्पिक का एंथम- थीम गीत का लॉच किया गया। राष्ट्रीय खिलाड़ी वेदवती कश्यप ने खिलाडियों को खेल भावना के लिए शपथ दिलवाई और अतिथियों के द्वारा सातों ब्लॉक केखिलाड़ियों खेल कीट प्रदाय किया गया। दो स्कूल के छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

उद्घाटन के अवसर पर पद्मश्री धर्मपाल सैनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, पार्षद योगेंद्र पाणिग्रह, यशवर्धन राव सहित पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा, गणमान्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, खेल अधिकारी राजेंद्र डेकाटे, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, खेल प्रेमी उपस्थित थे।







#### क्षेत्र का नाम करें रौशन

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर सफिरा साहू ने कहा कि बस्तर ओलंपिक के माध्यम से मुख्यमंत्री के पहल पर प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को आगे लाने का प्रयास के लिए आभार। सभी खिलाड़ी अच्छे से खेलें,अच्छे से मेहनत करें और खेलकर अपने क्षेत्र का नाम रौशन करें।

#### सम्मान का हकदार बने

कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा खेल गतिविधि में भाग लेकर जीवन में कई अनुभवों को सीखने का अवसर मिलता है। खेल में सुधार,आचरण व्यवहार में सुधार की संभावना से बेहतर व्यक्तित्व के विकास में सहायक होता है। वर्तमान समय में खिलाड़ियों के प्रति जो सम्मान, स्नेह मिलता है उसके आप हकदार बने ऐसी मेहनत करने का प्रयास हमारे बस्तर के खिलाड़ी करें।

#### सकारात्मक बदलाव का माध्यम

आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव के लिए खेल एक उचित माध्यम है। खिलाडी भावना के साथ खेल का आनंद ले और शांति, सुरक्षा,विकास हेतु क्षेत्र के युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बस्तर ओलंपिक का सातों जिलों में आयोजन किया जा रहा है।

# पंचायत तक सहकारिता की हो पहुंच, अंतिम व्यक्ति को मिले लाभ : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

71 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन 20 नवम्बर को पूरे भारतवर्ष के साथ-साथ बस्तर जिले में बस्तर जिला सहकारी संघ मर्यादित के नेतृत्व में आयोजित सहकारी सप्ताह भानपुरी में सपन्न हुआ। तहसील प्रांगण भानपुरी में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के वन,सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य में व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के अध्यक्ष दिनेश कश्यप,पूर्व विधायक संतोष बाफना के विशिष्ट अतिथि में संपन्न किया गया।

- सहकारिता कोई कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन आंदोलन : दिनेश कश्यप
- 71 वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन भानपुरी में हुआ



समापन अवसर पर मुख्य आतिथ्य की आसंदी पर बोलते हुए केदार कश्यप द्वारा सहकारिता की पहुंच हर पंचायत तक हो इस दिशा में प्रयास होना चाहिए। इसके साथ-साथ मछली पालन व दुग्ध सहकारिता के विस्तार पर अपने विचार व्यक्त करते हुए केदार ने कहा भारत सरकार द्वारा 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद से भारत सरकार की अभिनव पहल सहकार से समृद्धि विषय पर विस्तार के लिए काम कर रहा है। उन्होंने सहकारी कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि गरीब, पिछड़े लोगों की सहकारिता गठन के लिए हर सहकारी कार्यकर्ता मदद करें, जिससे छत्तीसगढ़ राज्य में भी सहकारी आंदोलन को गति मिल सके।

पूर्व सांसद व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दिनेश कश्यप द्वारा सहकारिता कोई कार्यक्रम नहीं बल्कि एक जन आंदोलन माना। जिसमें सभी सहकारी जन को पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य करने की आवश्यकता है जिससे अंतिम छोर तक सहकारिता को पहुंचा कर गांव, गरीब व किसानों में आर्थिक सक्षमता लाई जा सके। कार्यक्रम में शिवनारायण पांडे पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर, सुधीर पांडे पूर्व अध्यक्ष विपणन सहकारी समिति जगदलपुर, तरुण चोपड़ा, भूषण प्रसाद गुप्ता जनपद सदस्य बस्तर कुलेश्वर कश्यप जनपद सदस्य बस्तर, दिलीप पाणिग्राही पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर, संतोष बघेल सरपंच ग्राम पंचायत कारन्दोला, बुनकर संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं बस्तर संभाग, कुंवर सिंह ध्रुव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर के साथ-साथ वरिष्ठ सहकारी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण सहकारी बंधु उपस्थित रहे

कार्यक्रम के अंत में बस्तर जिला सहकारी संघ जगदलपुर के उपाध्यक्ष नरसिंह राव के द्वारा उपस्थित जन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मंच का संचालन विवेक पांडे, जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक द्वारा किया गया।

बस्तर जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष वेदांत दीक्षित ने कहा से बस्तर माटी पुत्र केदार कश्यप सहकारिता के मंत्री बनने पर बस्तर में सहकारी जन में व्याप्त उत्साह से सहकारिता को बस्तर के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए तन, मन, धन से सहयोग करने की बात की गई।

सहकारी सप्ताह के समापन अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा भानपुरी अंतर्गत लेंम्प्स को माइक्रो एटीएम वितरित करने के साथ-साथ पशुपालक हितग्राहियों को केसीसी ऋण का भी वितरण किया गया। एटीएम कार्ड व कृषि किट का भी वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय इकाई सहकार भारती द्वारा तैयार प्रदेश स्तरीय स्मारिका का भी विमोचन किया गया साथ ही बस्तर जिला सहकारी संघ द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# विश्व पटल में बस्तर के धुड़मारास ने बनाई अपनी जगह : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने बस्तर जिले के गांव धुड़मारास ने देश और दुनिया में अपनी अनोखी पहचान बनाने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

देव ने कहा बस्तर जिले के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित धुड़मारास गांव को संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन कार्यक्रम के लिए चयनित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए 60 देशों से चयनित 20 गांवों में भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर में जगदलपुर विधानसभा में स्थित धुड़मारास ने भी अपनी जगह बनाई है। श्री देव ने कहा कि धुड़मारास की सफलता का मुख्य श्रेय यहां के स्थानीय निवासियों को जाता है, जिन्होंने अपने पारंपरिक ज्ञान और संसाधनों को संरक्षित रखते हुए इसे आकर्षक पर्यटक स्थल में बदल दिया है। धुड़मारास प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विविधता और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। बस्तर के अदभुत आदिवासी जीवनशैली, पारम्परिक व्यंजन, हरियाली और जैव विविधता से समृद्ध यह गांव पर्यटकों के लिए एक आकर्षक ही नहीं बल्कि रोमांचक स्थल है।



धुड़मारास गांव दुनिया भर के उन 20 गांवों में से एक है जिसे सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव उन्नयन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चुना गया है। धुड़मारास को इसकी अनूठी सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और सतत पर्यटन विकास की क्षमता के कारण चुना गया है। उन्नयन कार्यक्रम में शामिल होने से गांव को उन संसाधनों तक पहुंच प्राप्त होगी जो इसके पर्यटन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, सांस्कृतिक संपत्तियों को बढ़ावा देने और ग्रामवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार में मदद करेंगे। विश्व स्तर पर पर्यटन गांव के रूप में इस गांव की पहचान स्थापित हुयी हैं। गांव के युवा पर्यटकों को आसपास के क्षेत्रों की सैर कराते हैं। स्थानीय खानपान के अंतर्गत पर्यटकों को बस्तर के पारम्परिक व्यंजन परोसे जाते हैं।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर में पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए ट्रैकिंग ट्रेल और कैंपिंग साइट विकसित करने सहित होम-स्टे की सुलभता हेतु पहल कर रही है।

# गांव के सरकारी जमीन पर रसूखदारों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर से लगे नकटी सेमरा पंचायत के मुखिया के ऊपर सरकारी जमीन को कब्जा का आरोप वहां के पंच सहित अन्य ग्रामीणों ने लगाया है। पंचायत के पास 3 एकड़ की सरकारी जमीन पर सरपंच सहित कुछ लोगों ने कब्जा कर मकान भी बना लिया है और इसकी शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर, एसपी और तहसीलदार से की है। ग्रामीणों ने तहसीलदार को शिकायत में कहा की गांव के सरपंच और कुछ लोग सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिए है और पक्का मकान भी बना लिए है जब इसके बारे में गांव के ग्रामीणों द्वारा सरपंच से बात किया गया तो सरपंच ने ग्रामीणों को कंही भी जाकर शिकायत करने की धमकी भी दे रहे हैं। दर्जनों ग्रामीणों ने तहसीलदार से अवैध कब्जा को हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकारी 3 से 4 एकड़ की भूमि के पहले कुछ पट्टे की जमीन है और उसी की आड़ लेकर जमीन पर कब्जा जमा लिए है। जिससे पंचायत का नाम भी खराब हो रहा है और बाहर के लोग आकर इस जमीन को खरीदने का प्रयास भी कर रहे हैं। साथ ही कहा कि करोड़ो की जमीन पर कुछ लोगों की गिद्ध की तरह नजर बनी हुई हैं जिसे बेचकर लाखों कमाने की कोशिश कर रहे है ऐसे में वे सभी प्रशासनिक अफसरो से उक्त जमीन से बेजा कब्जा हटाकर उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग कर रहे है।

- ग्रामीणों ने कलेक्टर, एसपी व तहसीलदार से की शिकायत






#### स्टील प्लांट क्षेत्र में अवैध कब्जा

नगरनार में एनएमडीसी ने स्टील प्लांट लगाया है उसके बाद से आड़ावाल से लेकर छग सीमा क्षेत्र धनपुंजी तक जमीन का अवैध कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। नकटीसेमरा भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है। इस हाइवे पर की जमीन 1 करोड़ से 2 करोड़ तक प्रति एकड़ पहुंच गई है इसलिए भूमाफिया जमकर अवैध अतिक्रमण कर रहे हैं।

#### उद्योग मंत्री ने दिया था आदेश

पूर्व उद्योग मंत्री कवासी लखमा के पास भी उस क्षेत्र के ग्रामीणों ने रसूखदारों द्वारा निजी और सरकारी जमीन को जबरन हथियाने की शिकायत की थी जिस पर प्रभारी मंत्री रहते हुए कवासी लखमा ने कलेक्टर को जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। उस पर किन-किन पर कार्रवाई हुई वह भी ठंडे बस्ते में चला गया है।

#### मारकेल में भी 3 एकड़ खेला

राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ग्राम मारकेल नगरनार औद्योगिक क्षेत्र के समीप है वहां भी सड़क किनारे की 3 एकड़ की सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर मकान तान दिए हैं। इसकी शिकायत भी हुई थी जिस पर कब्जा हटाया गया था लेकिन दुबारा फिर मकान खड़ कर दिए गए हैं।

#### दोषियों पर होगी कार्रवाई

तहसीलदार रूपेंद्र मरकाम ने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम को गठित कर दिया गया है और सरकारी जमीन को जल्द ही अतिक्रमण मुक्त करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने देर शाम वाहनों की जांच कर की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रहे सड़क हादसों में मौत को गंभीरता से लेते हुए ब्लैक स्पॉट में लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कोतवाली व बोधघाट पुलिस द्वारा वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

- दर्जन भर से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत वसूला जुर्माना
- आज से शराब चालकों के खिलाफ अभियान



कोतवाली थाना प्रभारी शिवानंद सिंह व बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि शाम होते ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों के चलते होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर सवेंदनशील क्षेत्रों व एक्सीडेंड स्पॉट पर सर्चिंग कर एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आमागुड़ा व बोधघाट चौक में वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों दर्जन भर से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए समन शुल्क वसूला गया। वहीं सार्वजनिक जगहों पर शराब का सेवन करने वालों की जांच की गई।

कोतवाली थाना प्रभारी शिवानंद सिंह ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ शहर के विभिन्न चौक चौराहों में जांच की जा रही है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। बुधवार शाम से ही शहर के विभिन्न चौक चौराहों में वाहनों की जांच कर मशीन से शराब पीने वालों की जांच की जा रही है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

04 दिन की यात्रा



12 जनवरी 2025
श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा
श्री जगन्नाथ मंदिर, लिंगराज टेंपल, कोणार्क, केदारगौरी, चंद्रभागा, सिद्धेश्वर एंड मुकतेश्वर, खंडागिरी, धौलीगिरी, उदयगिरी
राशिः स्लीपर- 5500/-, 3AC-10,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511